| | | *Annual ['Ian 1995-%* | *Annual I'lan 1990-97* |
|---|---|---|---|
| | *Unit* | *Provisional Achievement* | *Target* |
| Book bank, stationery etc. | ,, | 17922 | 20031 |
| New prcmatric hostels | Nos. | 50 | 25 |
| New postmatric hostels | Nos. | 20 | 25 |
| New Ashrama schools | Nos. | 5 | — |
| New residential schools | Nos. | 5 | 47 |
| II. Housing | | | |
| Dr. B.R. Ambedkar Jayanti Houses III. Welfare of Backward Classes and Minorities 1. Prcmatric' scholarship to students | Nos | 8333 | 54200 |
| 2. Postmatric scholarship to students | ,, | 16055 | 15140 |
| 3. Economic Aid—No. of Beneficiaries | ,, | 31000 | 22000 |

**मध्य प्रदेश को दी जाने वाली केन्द्रीय सहायता**

2014. **श्री अजीत जोगी :**
**श्री मूल चन्द मीणा :**

**क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :**

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश को दी जा रही प्रति व्यक्ति औसत वार्षिक केन्द्रीय सहायता अन्य सभी राज्यों की तुलना में कम है,

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है,

(ग) सरकार का इस संबंध में क्या निवारक कदम उठाने का विचार है, और

(घ) अन्य राज्यों को किन-किन आधारों पर प्रतिवर्ष केन्द्रीय सहायता दी जा रही है?

योजना कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र कुमार भगतराम अलघ) : (क) से (घ) राज्य योजनओं के लिए केन्द्रीय सहायता का आबंटन दिसम्बर, 1991 में राष्ट्रीय विकास परिषद् द्वारा अनुमोदित गाडगिल – मुखर्जी फार्मूले में उल्लिखित विभिन्न मानदंडों के अनुसार किया गय है। पिछडे राज्यों (मध्य प्रदेश सहित) के लिए 60% जनसंख्या और 20% प्रति व्यक्ति आय के मानदंड को आधिभारित किया जाता है । मध्य प्रदेश को उपलब्ध करायी गई प्रति व्यक्ति केन्द्रीय सहायता तभी 15 गैर श्रेणी राज्यों को उपलब्ध करायी गई प्रति व्यक्ति औसत सहायता की तुलना में अधिक रही है, तथा वर्ष 1996-97 में अन्य गैर विशेष श्रेणी राज्यों की तुलना में भी अधिक रही है ।

**मध्य प्रदेश में लम्बित पड़ी विकास परियोजनाएं**

2015. **श्री अजीत जोगी :**
**श्री मूल चन्द मीणा :**

क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश की योजना आयोग के पास लम्बित पड़ी विकास परियोजनाओं का ब्यौरा क्या हैं,

(ख) इन परियोजनाओं के लिये वित्तीय आबंटन, इनके वास्तविक लक्ष्य, संसाधन जुटाने और इनसे राज्य को होने वाले अनुवर्ती लाभों का ब्यौरा क्या है,

(ग) ये परियोजनायें कब से लम्बित हैं, और

(घ) इन परियोजनाओं को शीघ्र मंजूरी देने के लिए क्या कार्यवाही की गयी है?

**योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र कुमार भगतराम अलघ):** (क) से (घ) मध्य प्रदेश की योजना आयोग के पास कोई भी बड़ी और मध्यम सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण और